This Question Paper consists of 31 questions and 7 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 31 प्रश्न तथा 7 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक
Roll No. | | | | | | | | | | | | |

**Code No.** **69/SS/A**
**कोड नं०**
**Set/ सेट** **A**

# NATYA KALA
# नाट्यकला
# (385)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ..........................................................................
2. ..........................................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the Objective Type questions, you have to choose any one of the four alternatives given in the question, i.e. (A), (B), (C) and (D), and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.
6. Write your Question Paper Code No. 69/SS/A, Set A on the Answer-Book.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (क), (ख), (ग) और (घ) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गयी उत्तर पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/SS/A, सेट A लिखें।


**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# NATYA KALA

## नाट्यकला

## (385)

Time : 2 Hours ] [ Maximum Marks : 60

समय : 2 घण्टे ] [ पूर्णांक : 60

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में 31 प्रश्न हैं जिनमें [A] भाग में 12, [B] भाग में 9, [C] भाग में 6, [D] भाग में 2 और [E] भाग में 2 शामिल हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न की दाईं ओर प्रश्न के लिए निर्धारित अंक दिया गया है।

(iv) भाग [A] में प्रश्न संख्या **1** से **12** तक वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (MCQs) दिए गए हैं, प्रत्येक *1* अंक का होगा। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें और लिखें।

(v) भाग [B] में प्रश्न संख्या **13** से **21** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न/मिलान, रिक्त स्थान, सत्य-असत्य आदि दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न *2* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर निर्देशानुसार दें।

(vi) भाग [C] में प्रश्न संख्या **22** से **27** तक अति लघूत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न *2* अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें *30* से *50* शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।

(vii) भाग [D] में प्रश्न संख्या **28** एवं **29** लघूत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *3* अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें *50* से *80* शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।

(viii) भाग [E] में प्रश्न संख्या **30** एवं **31** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *6* अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें *80* से *100* शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**[A]** बारह प्रश्नों में सही विकल्प का चयन कीजिए : 1×12=12

1. तांडव और लास्य किस कला से संबंधित हैं?

(क) चित्रकला (ख) मूर्तिकला

(ग) नृत्यकला (घ) संगीतकला



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

2. आलम्बन और उद्दीपन किसके भेद हैं?

(क) विभाव
(ख) अनुभाव
(ग) व्यभिचारी भाव
(घ) स्थायी भाव

3. निर्वेद, ग्लानि, शंका, मद इत्यादि क्या हैं?

(क) अनुभाव
(ख) व्यभिचारी भाव
(ग) सात्त्विक भाव
(घ) विभाव

4. प्रकृति के आधार पर नायक के कितने भेद माने गए हैं?

(क) 2
(ख) 4
(ग) 6
(घ) 8

5. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिनय का एक प्रकार नहीं है?

(क) सात्त्विक
(ख) आंगिक
(ग) आहार्य
(घ) चूलिका

6. विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात्

(क) रसनिष्पत्तिः
(ख) भावनिष्पत्तिः
(ग) गुणनिष्पत्तिः
(घ) काव्यनिष्पत्तिः

7. रस के विषय में अभिनवगुप्त का कौन-सा मत है?

(क) उत्पत्तिवाद
(ख) अनुमितिवाद
(ग) भुक्तिवाद
(घ) अभिव्यक्तिवाद

8. शकुंतला को शाप कौन देता है?

(क) दुष्यन्त
(ख) दुर्वासा
(ग) कण्व
(घ) गौतमी

9. 'मृच्छकटिकम्' रूपक का कौन-सा प्रकार है?

(क) डिम
(ख) व्यायोग
(ग) प्रकरण
(घ) नाटक

10. 'मृच्छकटिकम्' में प्रतिनायक कौन है?

(क) चारुदत्त
(ख) शकार
(ग) शर्विलक
(घ) मैत्रेय



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

11. निम्नलिखित में से कौन-सा ध्रुवागान का एक प्रकार नहीं है?

(क) प्रावेशिकी (ख) आक्षेपिका

(ग) अन्तरा (घ) पताका

12. विस्मय किस रस का स्थायी भाव है?

(क) अद्‌भुत (ख) रौद्र

(ग) वीर (घ) भयानक

**[B]** नौ प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 2×9=18

13. उचित विकल्पों का मिलान कीजिए : ½×4=2

| | |
|---|---|
| (क) लास्य | *(i)* स्थापत्यकला |
| (ख) मृदंगम | *(ii)* नाट्यकला |
| (ग) द्रविड शैली | *(iii)* नृत्यकला |
| (घ) नौटंकी | *(iv)* संगीतकला |

14. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) कारण रूप विभावों से उद्‌बुद्ध रति आदि स्थायी भावों को प्रकाशित करने वाले कार्य नाट्य में अनुभाव कहलाते हैं।

(ख) स्थिर न रहने वाली चित्तवृत्तियाँ व्यभिचारी भाव हैं।

(ग) नायक, नायिका आदि पात्र आलम्बन विभाव कहलाते हैं।

(घ) सात्त्विक भावों के उद्दीपक विभावों को उद्दीपन विभाव कहा जाता है।

15. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) मानवीय प्रकृति के आधार पर नायक के चार प्रकार होते हैं।

(ख) शृंगार की दृष्टि से नायक के पाँच प्रकार माने गए हैं।

(ग) नायक के आठ विशिष्ट सात्त्विक गुण बताए गए हैं।

(घ) विदूषक राजा का सहचर एवं मित्र होता है।

16. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) रस अखण्ड नहीं है।

(ख) रस स्वप्रकाशानंद है।

(ग) रस चिन्मय है।

(घ) रस वेद्यांतरस्पर्श शून्य है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) कालिदास का प्रथम नाटक 'अभिज्ञानशाकुन्तल' है।

(ख) कालिदास ने तीन महाकाव्य रचे हैं।

(ग) 'अभिज्ञानशाकुन्तल' की कथा महाभारत के 'शकुन्तलोपाख्यान' से ली गई है।

(घ) 'अभिज्ञानशाकुन्तल' का नायक दुष्यंत है।

18. उचित विकल्पों का मिलान कीजिए : ½×4=2

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | मृच्छकटिक | *(i)* | चारुदत्त की विवाहिता स्त्री |
| (ख) | शर्विलक | *(ii)* | वसंतसेना की सखी |
| (ग) | मदनिका | *(iii)* | चोर |
| (घ) | धूता | *(iv)* | मिट्टी की गाड़ी |

19. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) ध्रुवागान नाटक में गाये जाने वाले गान होते हैं।

(ख) पात्रों के प्रवेश के समय गाये जाने वाले गान 'प्रावेशिकी' कहलाते हैं।

(ग) अंक समाप्ति पर पात्रों के मंच से प्रस्थान के समय गाये जाने वाले गान 'नैष्क्रमिणी' कहलाते हैं।

(घ) पात्र के थक जाने पर, संवाद भूलने पर 'अन्तरा' गान गाया जाता है।

20. उचित विकल्पों का मिलान कीजिए : ½×4=2

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | थीम म्यूजिक | *(i)* | नाटक में विशेष प्रभाव के लिए |
| (ख) | इंट्रो म्यूजिक | *(ii)* | अभिनेता के कार्यकलाप के लिए |
| (ग) | इफेक्ट | *(iii)* | नाटक के थीम को प्रस्तुत करने के लिए |
| (घ) | मूवमेंट | *(iv)* | किसी चरित्र के प्रवेश के लिए |

21. अधोलिखित वाक्यों में सत्य *अथवा* असत्य का निर्धारण कीजिए : ½×4=2

(क) 'कुडिययट्टम' लोकनाट्य में पूर्वरंग की क्रिया 'अकिट्ट कुट्टक' कहलाती है।

(ख) यक्षगान में किए जाने वाले प्रदर्शन को 'आटा' कहा जाता है।

(ग) रामलीला में संगीत का मुख्य आधार गोस्वामी तुलसीदासरचित 'रामचरितमानस' है।

(घ) रासलीला का मुख्य रूप से सम्बन्ध श्रीकृष्ण से है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**[C]** छः प्रश्नों के अति लघु उत्तर दीजिए : 2×6=12

22. सौन्दर्यशास्त्र में प्रयुक्त 'सौन्दर्य' शब्द का अर्थ बताइए।

23. अनुभाव क्या होते हैं?

24. भट्टलोल्लट का मत किस नाम से विख्यात है?

25. 'मृच्छकटिक' में बौद्ध भिक्षु संवाहक किस जगह का रहने वाला है?

26. 'माच' क्या है?

27. नौटंकी क्या है?

**[D]** दो प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 3×2=6

28. भारतीय नृत्यकला के बारे में संक्षेप में बताइए।

29. 'अभिज्ञानशाकुन्तल' की नाट्यशैली का परिचय दीजिए।

**[E]** दो प्रश्नों के दीर्घ उत्तर दीजिए : 6×2=12

30. आंगिक अभिनय को विस्तार से बताइए।

31. यक्षगान को सोद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279